रात्रि के दौरान महिलाओं को गिरफ्तार किये जाने संबंधी प्रक्रिया

3674. श्री संघप्रिय गौतम: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महिलाओं को रात में गिरफ्तार करने के संबंध में निर्धारित और प्रचलित नियम और प्रक्रिया क्या है ;

(ख) क्या सरकार महिलाओं को रात में गिरफ्तारी को रोकने के लिये दंड प्रक्रिया संहिता संशोधन करने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) से (ग) विधि आयोग की सिफारिशों के आधार पर, अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर किसी महिला की सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले गिरफ्तारी का निषेध करने की दृष्टि से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-46 की उपधारा (4) नामक एक नई उपधारा जोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया गया है । प्रस्ताव, वर्तमान में, गृह मंत्रालय की संसदीय समिति के पास उनके विचारार्थ लंबित है ।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा विचार किये गये मामले

3675. श्री संघप्रिय गौतम: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा विचार किये गये मामलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान वर्षवार आयोग के पास लंबित मामलों की राज्यवार संख्या कितनी-कितनी है;

(ग) लंबित मामलों का राज्यवार ब्यौरा क्या है ;

(घ) आज तक की स्थिति के अनुसार ये मामले किस चरण में हैं; और

(ङ) इन पर अंतिम निर्णय कब तक ले लिया जायेगा ।

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) से (ग) .

आयोग द्वारा विचार किए गए आयोग के पास लंबित मामलों मामलों की राज्यवार कुल संख्या की राज्यवार कुल संख्या

	1993-94	1994-95	1993-94	1994-95
1. आन्ध्र प्रदेश . .	17	1558	3	79
2. अरुणाचल प्रदेश .	—	1	—	1
3. असम . . .	11	47	6	31
4. बिहार . .	36	415	16	127
5. गोवा . . .	—	7	—	2
6. गुजरात . .	3	32	1	8
7. हरियाणा . .	7	134	—	39
8. हिमाचल प्रदेश . .	1	25	—	7